पत्रांक : 09/विविध–34/2023 ......72......

बिहार सरकार

शिक्षा विभाग, बिहार, पटना।

प्रेषक,

कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव (भा०प्र०से०)
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा।

सेवा में,

सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी।

पटना, दिनांक ....09.01.24....

विषय : **कक्षा–10वीं एवं 12वीं के नाम काटे गये विद्यार्थियों की विवरणी उपलब्ध कराने के संबंध में।**

प्रसंग: विभागीय पत्रांक 34 दिनांक 04.01.2024

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक विभागीय पत्र का स्मरण किया जाए। प्रासंगिक पत्र के माध्यम से आपके अधीनस्थ माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा–10वीं एवं 12वीं के नाम काटे गये विद्यार्थियों की सूची विहित प्रपत्र में उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया था तथा इस संबंध में प्रतिदिन दूरभाष के माध्यम से अनुरोध किये जाने के बावजूद आपके स्तर से वांछित विवरणी प्राप्त होने की स्थिति संतोषजनक नहीं है।

ज्ञातव्य हो कि विद्यालयों के निरीक्षण, विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्मय से की जाने वाली समीक्षात्मक बैठकों में यह निदेशित किया गया है कि लगातार अनुपस्थित रहने के कारण नाम काटे गये विद्यार्थियों को आगामी वार्षिक माध्यमिक/इन्टरमीडिएट परीक्षा में किसी भी परिस्थिति में शामिल नहीं किया जाना है। इस संबंध में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के स्तर से भी कई विज्ञप्तियाँ प्रकाशित कर सभी संबंधितों को संसूचित किया गया है।

वर्णित स्थिति में निदेश दिया जाता है कि आज कार्यालय अवधि तक प्रासंगिक पत्र द्वारा दिये गये निदेश के आलोक में वांछित विवरणी उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थिति में यह माना जाएगा कि आपके द्वारा अधीनस्थ माध्यमिक/उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा–10वीं एवं 12वीं में नाम काटे गये विद्यार्थी का विवरण भेजा जाना शेष नहीं है तथा उक्त कोटि का कोई विद्यार्थी यदि आगामी वार्षिक माध्यमिक/इन्टरमीडिएट परीक्षा में शामिल होना पाया जाएगा तो इसकी सारी जबावदेही आपकी होगी।

विश्वासभाजन

9/1/24

(कन्हैया प्रसाद श्रीवास्तव)
निदेशक, माध्यमिक शिक्षा।

ज्ञापांक : 09/विविध–34/2023 ......72...... पटना, दिनांक ....09.01.24....

प्रतिलिपि : सचिव, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

9/1/24

निदेशक, माध्यमिक शिक्षा।

E:\Sec.Edu\Office Letter (SEC.DIRECTOR-R). 1145